आकाशवाणी शिमला
05.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

अनुराग ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि भाजपा की नीतियों से ही प्रदेश में औद्योगिक विकास हुआ है और लाखों लोगों को रोज़गार मिला है। नालागढ़ में एक जनसभा के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में रेल और सड़कों का विकास भी भाजपा की ही देन है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा इन लोकसभा चुनावों में विकास को आधार बनाकर जनता के बीच उतरी है जबकि कांग्रेस केवल भय और भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गठबंधन में सभी नेताओं का एक दूसरे पर विश्वास खत्म हो चुका है और सभी अपनी ढपली अपना राग अलाप रहे हैं।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में आज़ादी के समय से चल रहे मुद्दों को हल करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में दशकों की मांगें और अपेक्षाएं पूरी हुई हैं। नालागढ़ में आज भाजपा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में 35 लाख 30 हज़ार 3 सौ 46 करोड़ रूपए देशवासियों के खाते में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के तहत पहुंचाया गया है। प्रदेश की चर्चा करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है और उद्योगपतियों को परेशान करने के लिए अराजकता चल रही है।

मुख्यमंत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में खरीद–फरोख्त की राजनीति शुरू कर भाजपा ने गलत संस्कृति की शुरूआत की है। सोलन ज़िले में कसौली विधानसभा क्षेत्र के पट्टा बरौरी में एक चुनावी जनसभा में उन्होंने कहा कि अब इस तरह की राजनीति पर पूर्णविराम लगाने की ज़िम्मेदारी प्रदेश के मतदाताओं की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि खरीद–फरोख्त की राजनीति नहीं रोकी गई तो ये आगे भी चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई नशा, खनन और भूमाफिया के खिलाफ है और वे प्रदेश के हितों की हर हाल में रक्षा करेंगे।

सम्मेलन

प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव व 6 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए सरगर्मियां लगातार तेज़ हो रही हैं। इसी कड़ी में भाजपा ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बनूटी में पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर पर पार्टी की वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि देश में 2014 से पहले संसद और विधानसभाओं में कई प्रोजेक्ट पास किए जाते थे लेकिन उन पर काम नहीं होता था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने के बाद कांग्रेस के वायदों को भी पूरा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन के स्तर पर कार्यकर्ताओं को मज़बूत करने में जुटी है और इसी लिए प्रदेश में लगातार पन्ना प्रमुख सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है।

ब्लॉक कांग्रेस

लोकसभा चुनाव को लेकर कसुम्पटी ब्लॉक कांग्रेस की बैठक आज शिमला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पार्टी नेता व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सरकार के 15 महीने के कार्यकाल की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने पर बल दिया। अनिरूद्ध सिंह ने आरोप लगाया कि पिछले कार्यकाल के दौरान भाजपा सांसद ने शिमला संसदीय क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं करवाए हैं, ऐसे में इन चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत तय है।

दीक्षांत समारोह

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षांत समारोह कल राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में मनाया जाएगा। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर सतप्रकाश बंसल ने बताया कि दीक्षांत समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल सहित अन्य गणमान्य लोग समारोह में मौजूद रहेंगे। इस समारोह में विभिन्न विभागों के 30 मेधावियों को स्वर्ण पदक, 11 शोधार्थियों को डॉक्टरेट की उपाधि जबकि कुल 7 सौ 9 विद्यार्थियों को डिग्रियां आबंटित की जाएंगी।

क्रिकेट मैच

आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मण्डी में डी.सी. इलैवन और एस.पी. इलैवन के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया। मैच शुरू होने से पहले सभी खिलाड़ियों को एक जून को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। मण्डी के ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि चुनाव में मतदाताओं की शत–प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित बनाने के लिए पूरे ज़िले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने एक जून को सभी से बढ़–चढ़ कर मतदान प्रक्रिया में भाग लेने का आह्वान किया। ....